प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. उत्तर प्रदेश विधानमंडल सत्र के दूसरे दिन विधानसभा मं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ को लेकर विपक्ष के आरोपों का दिया जवाब : कहा– भारतीय संस्कृति का गौरव है महाकुंभ।
2. वित्त मंत्री सुरेश खन्ना कल विधानसभा में पेश करेंगे वर्ष 2025–26 का बजट : उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा– सभी वर्गों के लिये हितकारी होगा बजट।
3. महाकुंभ में पवित्र स्नान करने वालों का आंकड़ा पहुंचा 56 करोड़ के पार : केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने आज लगाई संगम में डुबकी।

और

4. अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण समिति और रामजन्म भूमि ट्रस्ट ने की समीक्षा बैठक : भक्तों की सुविधा, सुरक्षा और अन्य पहलुओं पर हुआ मंथन।

———————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल सत्र के दूसरे दिन विधानसभा मं नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ को लेकर विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में हुई घटना पर दुख जताते हुए कहा कि न्यायिक आयोग घटना की जांच कर रहा है,

दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा। नेता सदन ने कहा कि विपक्ष निरंतर महाकुम्भ के आयोजन को लेकर दुष्प्रचार कर रहा है, जबकि यह आयोजन भारतीय संस्कृति का गौरव है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार महाकुम्भ को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बाइट......

*यह आयोजन किसी पार्टी विशेष का नहीं था किसी सरकार का नहीं था मैं दो बार बार इस बात को कहता रहा हूं कि यह आयोजन समाज का है सरकार पीछे है सरकार सहयोग के लिए अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के लिए एक सेवक के रूप में हम लोग वहां पर है हम लोग तत्परता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। इस सदी के इस महाकुंभ के साथ हमारी सरकार को जोड़ने का अवसर प्राप्त हुआ। देश और दुनिया ने इस पूरे आयोजन के साथ सहभागी बन करके इसे सफलता की एक नई ऊंचाई तक पहुंचाया है।*

मुख्यमंत्री ने बताया कि महाकुंभ के आयोजन पर केंद्र और राज्य सरकार ने 7500 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जिसमें महाकुम्भ के आयोजन पर 1500 करोड़ रुपये और प्रयागराज के इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार पर शेष राशि खर्च की गई है।

उन्होंने कहा कि महाकुम्भ 2025 भारत की शक्ति और उत्तर प्रदेश के गौरव का प्रतीक बन रहा है।

उधर, विधान परिषद में महाकुंभ पर चर्चा का समय बढ़ाने को लेकर समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने वेल में आकर हंगामा किया। लगातार अनुरोध के बाद सभापति के निर्देश पर मार्शलों ने बल पूर्वक नेताप्रति पक्ष लाल बिहारी यादव को सदन से बाहर कर दिया। सरकार की ओर से

जवाब देते हुए नेता सदन उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि महाकुंभ अपनी दिव्यता, भव्यता के लिये याद किया जायेगा।

---------

प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना कल विधानसभा में वर्ष 2025–26 का बजट पेश करेंगे। सदन की कारवाई शुरू होने से पहले कल सुबह मुख्यमंत्री आवास पर मंत्रिमंडल की बैठक होगी। बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगाई जाएगी। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के मुताबिक केंद्र सरकार के इस वर्ष के बजट की तर्ज़ पर ही प्रदेश सरकार भी सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए अपना बजट पेश करेगी।

---------

प्रयागराज महाकुम्भ में अब तक 56 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम स्नान कर चुके हैं। आज शाम 6 बजे तक एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। इसी क्रम में केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीता रमण आज शाम परिवार के साथ पवित्र स्नान के लिये प्रयागराज पहुंची। त्रिवेणी में डुबकी लगाने के बाद केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें महाकुंभ में पवित्र स्नान करने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का दिव्य और सकारात्मक भारतीय संस्कृति का

हिस्सा है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने इस आयोजन को आस्था और एकता का प्रतीक बताया। बाइट.....

*आ करके हमको बहुत अच्छा लगा देखा कोई संख्या का सुमार नहीं है। अनगिनत है कोई कुछ कहे लेकिन मैं कहता हूँ की अनगिनत की संख्या में लोग आए हैं और सब आस्था के चलते आए है। सनातन धर्म हमारा रहा है ऐसा धर्म है जहाँ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं रहा।*

आस्था और संस्कृति का समागम महाकुंभ 26 फरवरी को महा शिवरात्रि के स्नान के साथ सम्पन्न होगा।

—————————

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन ने आज गोरखपुर में आकाशवाणी और दूरदर्शन के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने आकाशवाणी और दूरदर्शन से प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने भोजपुरी में प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों समेत केंद्र की आय और व्यय का भी ब्यौरा लिया।

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

अयोध्या में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए राम मंदिर निर्माण समिति और श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट ने आज समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि भक्तों की सुविधा, सुरक्षा और अन्य पहलुओं पर विचार कर आवश्यक बदलाव लाए जाएंगे। बाइट.....

*जो श्रद्धालु सुविधा केंद्र है उसमें क्या परिवर्तन किया जाए। जो अंदर आने के बाद बाहर दक्षिणी मार्ग से निकासी है वह एक से अधिक निकासी बढ़ाई जाए और उसके अनुसार जो है निर्माण कार्य किए जाएं। और खास तौर से अब चूँकि रामनवमी का जो त्यौहार है वह भी एक प्रमुख त्यौहार है अयोध्या में तो उस दृष्टि से हम लोग अब समीक्षा कर रहे हैं और आवश्यकता पड़ेगी तो हम कैपेसिटी को बढ़ाने के प्रयास करेंगे।*

—————————

स्वामी नारायण समुदाय अक्षरधाम के अखिल भारतीय प्रमुख स्वामी त्याग बल्लभदास महाराज ने आज अबूधाबी अक्षरधाम के 100 ब्रह्मचारियों के साथ अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन किए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय और टंस्टी डॉ अनिल मिश्र ने अबूधाबी के ब्रह्मचारियों की अगवानी की।

—————————

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के नौ साल पूरे हो गए हैं। देश के किसानों को सशक्त बनाने के लिए उठाया गया यह कदम किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने का

एक अहम उपाय है। इसका मकसद प्राकृतिक आपदाओं से फसल को होने वाले नुक्सान से पीड़ित किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। उन्नत प्रौद्योगिकी की मदद से इस योजना ने फसल के हानि मूल्यांकन और बीमा भुगतान में पारदर्शिता और दक्षता में सुधार किया है। प्रदेश के किसानों ने इस योजना के 9 साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। श्रावस्ती के किसान परशुराम ने कहा कि इस योजना ने किसानों को विपरीत परिस्थितियों में बहुत मदद पहुंचायी है। बाइट.....

*इस योजना से किसानों को बहुत अच्छा लाभ हुआ है नहीं तो फसलें कहीं अनावृष्टि, अतिवृष्टि , पत्थर गिरने की वजह से बाढ़ आने से नष्ट हो जाती थी और किसान की पूरी पूंजी ही खत्म हो जाती थी। इससे किसानों को बहुत बड़ा सहारा मिला है और इससे छतपुरत हो जाती है। इससे किसानों का मनोबल बढ़ा है और बहुत विकास हुआ है।*

——————————

महाशिवरात्रि पर वाराणसी में देश के श्रद्धालु, अखाड़ों के साधु संत और पीठाधीश्वर दर्शन पूजन करेंगे। ऐसे में ज़िला प्रशासन ने तैयारियां तेज़ कर दी हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर की तरफ से एक एडवायज़री भी जारी की गई ह। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि महाशिवरात्रि पर मंदिर में भारी भीड़ के मद्देनज़र एक छोर से दूसरे छोर तक बैरिकेडिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि महापर्व पर नागा संतों के दर्शन

पूजन के समय आम श्रद्धालुओं के प्रवेश को थोड़ी देर के लिए रोका जा सकता है।

प्रशासनिक अधिकारियों ने डीआरएम लखनऊ डिविजन उत्तररेलवे सतीश कुमार की अध्यक्षता में प्रयागराज महाकुंभ से पलट प्रवाह की भीड़ तथा आगामी महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए समीक्षा बैठक की। कैंट और बनारस रेलव स्टेशनों पर उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारो भीड़ को देखते हुए होल्डिंग एरिया भी बढ़ाया जाएगा। स्टेशन के सामने सुगम यातायात के लिए ट्रैफिक को वन–वे किया जायेगा। स्टेशन पर सीसीटीवी से निगरानी बढ़ा दी गई है।

————————

प्रदेश के कई जनपदों में आज पंचायत उपचुनाव सम्पन्न कराए गए। बदायूं जिले के दहगंवा ब्लॉकक्षेत्र में ग्राम पंचायत प्रधान पद के लिए मतदान हुआ। वहीं श्रावस्ती में भी आजहो रहे पंचायत उपचुनाव को लेकर ज़िलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने मतदान स्थलों का निरीक्षण किया और निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के निर्देश दिए।

————————

वाराणसी में चल रहे काशी तमिल संगम के तीसरे संस्करण के अंतगत काशी हिंदू विश्वविद्यालयत में आज एक शैक्षणिक सत्र का आयोजन किया गया। सत्र में तमिलनाडु से आए दल के साथ विचारों का आदान–प्रदान

किया गया और दोनों राज्यों के बीच व्यापार के अवसरों की खोज, गहन आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा की। वहीं ऋषि अगस्त्य और विकसित भारत विषय पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से चित्र प्रदर्शनी में पोस्टर पेंटिंग, कहानी लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

———————

मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में कल कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। साथ ही कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात की भी संभावना है। विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक इस अंचल में पचीस फरवरी तक मौसम शुष्क रहेगा। इस अवधि में देर रात और सुबह के समय कहीं कहीं कुहासा अथवा हल्का कोहरा पड़ने की भी संभावना है।

(समाप्त)